# झारखंड

# सामान्य ज्ञान

PDF

The Series......

हिन्दवंशी

Useful for....

# JPSC & JSSC

# राज्य विशेष

झारखंड

# GK QUIZ SET 4

1. रजरप्पा स्थित 'माँ छिन्नमस्तिके मंदिर' किन दो नदियों के संगम पर स्थित है?

a. उसरी और बराकर

b. भैरवी और दामोदर

c. खरकाई और सुबर्णरेखा

d. अमानत और उत्तरी कोयल

भैरवी और दामोदर

'माँ छिन्नमस्तिके मंदिर' झारखंड के रामगढ़ जिले के रजरप्पा शहर में स्थित है।

यह भैरवी और दामोदर नदियों के संगम पर रामगढ़ से 28 किमी दूर स्थित है।

रजपप्पा मंदिर की कला और वास्तुकला असम के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर के समान है।

2. लाप्सा बुरू पहाड़ी (लेप्सोबुरु खादान) किस खनिज के लिए विख्यात है?

a. ग्रेफाइट

b. कायनाइट

c. डोलोमाइट

d. चूना पत्थर

कायनाइट

झारखंड में कायनाइट का सबसे बड़ा भंडार पूर्वी सिंहभूम जिले के लाप्सा बुरू पहाड़ी पर मौजूद है।

झारखंड देश मे कायनाइट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है।

कायनाइट (ऐल्यूमिनियम सिलिकेट) का उपयोग मुख्यतः तापरोधी उपकरणों में किया जाता है।

3. सूरजकुंड गरम जल स्रोत झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. राँची

b. गढ़वा

c. दुमका

d. हजारीबाग

## हजारीबाग

सूरजकुंड हॉट स्प्रिंग हज़ारीबाग से 60 किमी की दूरी पर बरकट्ठा प्रखंड में स्थित है।

सूरजकुंड हॉट स्प्रिंग के पानी का तापमान 170 से 190 डिग्री फारेनहाइट (76.7 से 87.8 डिग्री सेल्सियस) तक रहता है।

सूरजकुंड गर्म जलकुंड में खनिज लवण एवं गंधक पाया जाता है जिसके कारण इस हॉट स्प्रिंग के पानी में स्नान करने से उपचारात्मक प्रभाव होता है।

4. झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र की प्रमुख चित्रकला शैली जादोपटिया चित्रकला शैली में 'जादो' शब्द का इस्तेमाल किसके लिए किया जाता है?

a. जंगल

b. ताम्रपत्र

c. चित्रकार

d. जनजाति

## चित्रकार

जादोपटिया चित्रकला शैली झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र की प्रमुख चित्रकला शैली है।

संथाल समाज के मिथकों पर आधारित इस लोककला में समाज के विभिन्न रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और नैतिक मान्यताओं की प्रस्तुति की जाती है।

जादोपटिया चित्रकला बनाने वालों को संताली भाषा में जादो कहा जाता है।

5. निम्नलिखित में से कौन सा ताप विधुत संयंत्र बोकारो जिले में स्थित नहीं है?

a. पतरातू ताप विधुत संयंत्र

b. बोकारो ताप विधुत संयंत्र

c. चंद्रपुरा ताप विधुत संयंत्र

d. तेनुघाट ताप विधुत संयंत्र

## पतरातू ताप विधुत संयंत्र

पतरातू ताप विधुत संयंत्र - रामगढ़ जिला

बोकारो ताप विधुत संयंत्र - बोकारो जिला

चंद्रपुरा ताप विधुत संयंत्र - बोकारो जिला

तेनुघाट ताप विधुत संयंत्र - बोकारो जिला

6. निम्नलिखित में से कौन सी नदी दामोदर की सहायक नदी नहीं है?

a. अजय

b. कोनार

c. बराकर

d. जमुनिया

## अजय

दामोदर नदी लातेहार जिले से निकलकर हजारीबाग, बोकारो तथा धनबाद होते हुए पश्चिम बंगाल में प्रवेश करती है जहाँ यह हुगली नदी में जाकर मिल जाती है।

झारखंड में इसे देवनद के नाम से भी जाना जाता है।

दामोदर की सहायक नदियों में कोनार, बराकर और जमुनिया प्रमुख हैं।

7. जनगणना 2011 के अनुसार जनसंख्या के आधार पर झारखंड की सबसे बड़ी जनजाति कौन है?

a. हो

b. मुंडा

c. उरांव

d. संथाल

## संथाल

जनगणना 2011 के अनुसार संथाल जनजाति (जनसंख्या 27.54 लाख) झारखंड राज्य की सबसे बड़ी जनजाति है।

संथाल जनजाति के बाद उरांव (लगभग 17.16 लाख) तथा मुंडा (करीब 12.29 लाख) झारखंड की क्रमशः दूसरी तथा तीसरी बड़ी जनजाति हैं।

8. निम्नलिखित में से झारखंड का कौन सा पर्यटक स्थल 'क्वीन ऑफ़ छोटानागपुर' के नाम से मशहूर है?

a. बेतला

b. पतरातू

c. नेतरहाट

d. पारसनाथ

## नेतरहाट

नेतरहाट झारखण्ड राज्य के रांची नगर से 154 किमी की दूरी पर पश्चिम दिशा में स्थित है।

'क्वीन ऑफ़ छोटानागपुर' के नाम से मशहूर इस मनोरम पहाड़ी से होकर कर्क रेखा गुजरती है।

नेतरहाट झारखण्ड राज्य का वह स्थान है, जहाँ राज्य की सबसे ज़्यादा वर्षा होती है।

9. नीचे दिए गए प्रमंडल और उनके मुख्यालय का कौन सा मिलान सही नहीं है?

a. कोल्हान प्रमंडल- मुख्यालय: जमशेदपुर

b. संथाल परगना प्रमंडल- मुख्यालय: दुमका

c. उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल- मुख्यालय: हजारीबाग

d. दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल- मुख्यालय: रांची

कोल्हान प्रमंडल- मुख्यालय: जमशेदपुर

कोल्हान प्रमंडल - 3 जिले: पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम - मुख्यालय: चाईबासा

संथाल परगना प्रमंडल - 6 जिले: जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहेबगंज - मुख्यालय: दुमका

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल - 7 जिले: चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो, धनबाद - मुख्यालय: हजारीबाग

दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल - 5 जिले: लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची, खूंटी - मुख्यालय: रांची

10. चेरो शासनकाल के दौरान बना शाहपुर किला निम्नलिखित में से किस नदी के किनारे अवस्थित है?

a. बूढ़ा नदी

b. कनहर नदी

c. अमानत नदी

d. उत्तरी कोयल नदी

## उत्तरी कोयल नदी

शाहपुर किला पलामू के मुख्यालय मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) में उत्तरी कोयल नदी के तट पर अवस्थित है।

शाहपुर किले का निर्माण 1770 के दशक में तत्कालीन चेरोवंशीय राजा गोपाल राय ने करवाया था।

11. इस्पात कंपनी 'टाटा आयरन ऐंड स्टील कंपनी लिमिटड' (टिस्को) की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

a. 1882

b. 1907

c. 1928

d. 1948

1907

भारत की प्रमुख इस्पात कंपनी 'टाटा आयरन ऐंड स्टील कंपनी लिमिटड' (टिस्को) की स्थापना 1907 में की गई थी।

टाटा आयरन ऐंड स्टील कंपनी लिमिटड का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

अब इसका नाम बदलकर टाटा स्टील कर दिया गया है।

12. झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री निम्नलिखित में से कौन थे?

a. मधु कोड़ा

b. शिबू सोरेन

c. अर्जुन मुंडा

d. बाबूलाल मरांडी

# बाबूलाल मरांडी

झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे।

2000 में बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य बनने के बाद एनडीए के नेतृत्व में इन्होंने राज्य की पहली सरकार बनाई थी।

13. दुगनी बराज परियोजना का निर्माण निम्नलिखित में से किस नदी पर प्रस्तावित है?

a. संजय नदी

b. उसरी नदी

c. जयंती नदी

d. अमानत नदी

संजय नदी

दुगनी बराज परियोजना का निर्माण सरायकेला के दुगनी में संजय नदी पर किया जाएगा।

दुगनी बराज परियोजना के पूरा होने पर सरायकेला जिले के 8 गाँवों को सिंचाई का पानी मिलेगा।

14. 'नागपुरिया सदानी बोली का व्याकरण' पुस्तक किस लेखक के द्वारा लिखी गई है?

a. बडियन हॉन

b. कोनार्ड बुकाउट

c. जे एच व्हिटली

d. पीटर शांति नवरंगी

## पीटर शांति नवरंगी

झारखंड के सदानों के द्वारा बोली जाने वाली नागपुरी भाषा के 'नागपुरिया सदानी बोली का व्याकरण' पुस्तक की रचना फादर पीटर शांति नवरंगी के द्वारा की गई थी।

15. 2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड का जनसंख्या घनत्त्व कितना है?

a. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

b. 414 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

c. 482 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

d. 546 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

414 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड का जनसंख्या घनत्व 414 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है जो जनगणना 2001 के अनुसार 338 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था।

16. निम्नलिखित जलप्रपातों के स्थित होने का कौन सा मिलान सही नहीं है?

a. केरीदह जलप्रपात- चतरा

b. मिर्चइया जलप्रपात- लातेहार

c. केलाघाघ जलप्रपात- साहेबगंज

d. धारागिरी जलप्रपात- पूर्वी सिंहभूम

केलाघाघ जलप्रपात- साहेबगंज

केरीदह जलप्रपात- चतरा

मिर्चइया जलप्रपात- लातेहार

केलाघाघ जलप्रपात- सिमडेगा

धारागिरी जलप्रपात- पूर्वी सिंहभूम

17. दामोदर घाटी परियोजना का निर्माण किस नदी घाटी परियोजना के तर्ज पर किया गया है?

a. निस्टर नदी घाटी परियोजना

b. वोल्गा नदी घाटी परियोजना

c. टेनेसी नदी घाटी परियोजना

d. मेकोंग नदी विकास परियोजना

# टेनेसी नदी घाटी परियोजना

दामोदर घाटी निगम अधिनियम (1948) के फलस्वरूप 'दामोदर घाटी निगम' 7 जुलाई 1948 को स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय परियोजना के रूप में अस्तित्व में आया।

इस परियोजना का निर्माण अमेरिका की 'टेनेसी घाटी परियोजना' (Tennessee Valley Project) के तर्ज पर किया गया है जिसमें दामोदर नदी की जल-राशि का अधिकतम उपयोग को केंद्र में रखा गया है।

18. निम्नलिखित में से झारखंड का कौन सा जिला तीन राज्यों के साथ सीमा बनाता है?

a. गढ़वा

b. सिमडेगा

c. साहेबगंज

d. पूर्वी सिंहभूम

## गढ़वा

झारखंड का गढ़वा जिला तीन राज्यों छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश एवं बिहार तीनों राज्यों की सीमा के साथ लगा हुआ है।

तीन राज्यों के साथ सीमा बनाने वाला गढ़वा झारखंड का एकमात्र जिला है।

19. निम्न में से कौन सा वक्तव्य टाना भगत आंदोलन के बारे में सही नहीं है?

a. टाना भगत आंदोलन महात्मा गाँधी के नेतृत्व में चलाए गए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान विकसित हुआ था।

b. टाना भगत आंदोलन मुख्यतः धार्मिक सुधार आंदोलन था।

c. टाना भगत आंदोलन में शामिल नेता और कार्यकर्त्ता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व से प्रभावित थे।

d. टाना भगत आंदोलनकारियों के लिए शराब और मांस का सेवन वर्जित था।

टाना भगत आंदोलन महात्मा गाँधी के नेतृत्व में चलाए गए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान विकसित हुआ था।

टाना भगत आंदोलन 1913-14 में गुमला जिले के विशुनपुर गाँव से जतरा उरांव के नेतृत्व में शुरू हुआ था।

यह आंदोलन धार्मिक सुधार आंदोलन के रूप में पनपा और विकसित हुआ जो बाद में महात्मा गाँधी के विचारों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में समाविष्ट हो गया।

टाना भगत आंदोलनकारियों के लिए शराब और मांस का सेवन, रंगीन कपड़े और गहने धारण करना तथा शरीर को गोदना से सजाना वर्जित था।

20. महुआडांड़ भेड़िया अभ्यारण झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. गोड्डा

b. पलामू

c. लातेहार

d. सिमडेगा

## लातेहार

महुआडांड़ भेड़िया अभ्यारण्य लातेहार जिले के अंतर्गत महुआडांड़ के सुरम्य चेचारी घाटी में स्थित है।

लगभग 63 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला यह अभ्यारण भेड़ियों के संरक्षण के लिए समर्पित है।

21. भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान (Indian Institute of Natural Resins and Gums) की स्थापना किस समिति की अनुशंसा पर की गई थी?

a. लिंडसे-हार्लो समिति

b. दिनेश गोश्वामी समिति

c. डब्ल्यू एल वुर्दुइन समिति

d. कुमार मंगलम बिड़ला समिति

## लिंडसे-हार्लो समिति

भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान (Indian Institute of Natural Resins and Gums) प्राकृतिक राल व गोंद तथा गोंद-राल के प्रसंस्करण, उत्पाद विकास, प्रशिक्षण, सूचना संग्रहण, प्रौद्योगिकी प्रसार सम्बंधी अनुसंधान एवं विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर का नोडल संस्थान है।

इसकी स्थापना लिंडसे-हार्लो समिति की अनुशंसा पर 1924 ईस्वी में की गई थी।

भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान नामकुम, राँची में स्थित है।

22. निम्नलिखित में से किस जलप्रपात को 'गौतम धारा' जलप्रपात के नाम से भी जाना जाता है?

a. लोध जलप्रपात

b. उसरी जलप्रपात

c. जोन्हा जलप्रपात

d. पंचघाघ जलप्रपात

# जोन्हा जलप्रपात

जोन्हा जलप्रपात झारखण्ड की राजधानी राँची से 40 कि.मी. दूर टाटा-राँची मार्ग पर 'तईमारा' नामक गाँव के निकट स्थित है।

राढू नदी पर स्थित इस जलप्रपात की ऊंचाई लगभग 150 फीट है।

यहाँ भगवान गौतम बुद्ध की एक प्रतिमा भी स्थापित की गई है, जिसके चलते इसे 'गौतम धारा' जलप्रपात के नाम से जाना जाता है।

23. संथाल युवतियों तथा महिलाओं के द्वारा पहना जाने वाला 'हंसली तथा सकड़ी' आभूषण शरीर के किस अंग में पहना जाता है?

a. हाथ

b. कान

c. नाक

d. गला

## गला

संथाल युवतियाँ तथा महिलाएं प्राय: शंख, कांसे, पीतल, तांबे तथा चांदी से निर्मित आभूषण पहनती हैं।

इनके द्वारा गले में पहने जाने वाले आभूषणों में हंसली तथा सकड़ी सर्वप्रमुख हैं।

इनके अलावे फूल तथा पत्तियों से भी वे अपने शरीर को सजाया करती हैं।

24. निम्नलिखित में से किस तारीख को अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ था?

a. 1 जनवरी 2000

b. 15 अप्रैल 2000

c. 1 अगस्त 2000

d. 15 नवम्बर 2000

15 नवम्बर 2000

अलग झारखंड राज्य का गठन 15 नवम्बर 2000 को हुआ था।

बिहार पुनर्गठन बिल के सन 2000 में पास होने के बाद झारखंड भारत के 28वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।

25. निम्नलिखित में से कौन सा बाँध स्वर्णरेखा नदी पर स्थित नहीं है?

a. चांडिल बाँध

b. गालूडीह बाँध

c. इचा बाँध

d. गेतलसूद बाँध

## इचा बाँध

चांडिल बाँध (1982) - स्वर्णरेखा

गालूडीह बाँध (1983) - स्वर्णरेखा

इचा बाँध (1983) - खरकई

गेतलसूद बाँध (1983) - स्वर्णरेखा

26. गोमिया विस्फोटक कारखाना झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. राँची

b. बोकारो

c. धनबाद

d. पूर्वी सिंहभूम

## बोकारो

गोमिया विस्फोटक कारखाना झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया में स्थित है|

भारतीय विस्फोटक लिमिटेड (आइईएल) गोमिया में बारूद, डेटोनेटर जैसी विस्फोटक पदार्थों का उत्पादन करती है।

27. झारखंड राज्य का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?

a. 1.82%

b. 2.42%

c. 3.28%

d. 3.82%

2.42%

झारखण्ड राज्य का कुल क्षेत्रफल 79,714 वर्ग किलोमीटर है जो भारत के कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर का 2.42 % है।

हिन्दवंशी

28. झारखंड का प्रसिद्ध 'हिजला मेला' निम्न में से किस नदी के किनारे लगता है?

a. दामोदर

b. मयूराक्षी

c. सुबर्णरेखा

d. उत्तरी कोयल

मयूराक्षी

झारखंड का ऐतिहासिक जनजातीय हिजला मेला दुमका शहर से चार किमी दूर मयूराक्षी नदी के तट पर लगता है।

मयूराक्षी नदी दुमका जिले की एक प्रमुख नदी है जिसका उदगम देवघर जिले के त्रिकुट पहाड़ी से होता है।

29. जीवाश्म उद्यान झारखंड के किस जिले में स्थित है?

a. राँची

b. लातेहार

c. साहेबगंज

d. पश्चिमी सिंहभूम

साहेबगंज

दुर्लभ जीवाश्म के संरक्षण के लिए झारखंड के साहेबगंज जिले में फॉसिल्स पार्क (जीवाश्म उद्यान) की स्थापना की गई है।

30. निम्नलिखित में से किस सख्सियत को 'झारखंड के जलपुरुष' के रूप में जाना जाता है?

a. बुलु इमाम

b. जमुना टुडू

c. सिमोन उरांव

d. महादेव महतो

# सिमोन उरांव

सिमोन उरांव ने 1955 से 1970 के बीच अपनी देशी तकनीक के जरिये गांववालों के सहयोग से बांध बनाने का जोरदार अभियान चलाया।

'साथी हाथ बढ़ाना' के नारे के साथ ग्रामीणों के सहयोग से उन्होंने तीन बांध (गायघाट बांध, गिरना बांध, देशवाली बांध) तथा अन्य कई तालाब और कुओं का निर्माण किया जिस कारण उन्हें 'झारखंड के जल पुरुष' (वाटरमैन ऑफ झारखंड) के नाम से जाना जाता है।

जल संग्रहण एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये गए कार्य के लिए सिमोन उरांव को साल 2016 में पद्मश्री सम्मान प्रदान किया गया।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी